(b) if so, whether the validation of data has been done;

(c) by when the key results will be made available; and

(d) what are the reasons for the delay?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): (a) The field work for the survey has been completed.

(b) No, Sir.

(c) and (d) Some key results pertaining to literacy were prepared. All results of the survey after finalisation would get incorporated in the reports.

The usual time lag between completion of field work and preparation of Reports is around 2½ to 3 years. It has been planned to finalise the results by end of December, 1993.

वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के अधिकारी

1863. **श्री प्रकाश यशवन्त अम्बेडकर:** क्या **योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) योजना आयोग के सांख्यिकी विभाग में वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के कितने अधिकारी हैं और उनमें से कितने अधिकारियों को निदेशक और इस से ऊपर के पदों पर पदोन्नत किया गया है ;

(ख) गृह मंत्रालय की निर्धारित चालीस सूत्रीय क्रमबद्ध रूप रेखा के अनुसार, 5900/– रुपये के वेतनमान में कितने अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है और यदि किसी भी अधिकारी को पदोन्नत नहीं किया गया है तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) अधिकारियों को कब तक पदोन्नत किए जाने की संभावना है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) सांख्यिकी विभाग, योजना मंत्रालय में भारतीय सांख्यिकीय सेवा में 7 वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड पद हैं । इन 7 पदों में से, अब तक 5 पद भरे गए हैं । ये सभी 5 पद अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों से संबंधित अधिकारियों (अनु.जा.–4, अनु.जन.–1) द्वारा धारित हैं । इसके अतिरिक्त, सांख्यिकी विभाग से बाहर वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के दो और पद भारतीय सांख्यिकीय सेवा संवर्ग में शामिल किए गए हैं, जिनमें से एक अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित भारतीय सांख्यिकीय सेवा अधिकारी द्वारा धारित है तथा अन्य अनारक्षित वर्ग के भारतीय सांख्यिकीय सेवा के अधिकारी द्वारा धारित है । सांख्यिकी विभाग में वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के स्तर से ऊपर 2 पद हैं, जिनमें से एक भारतीय सांख्यिकीय सेवा में उच्च प्रशासनिक ग्रेड पद है तथा अन्य भारतीय सांख्यिकीय सेवा संवर्ग से बाहर प्रतिनियुक्ति पद है । उच्च प्रशासनिक ग्रेड का पद अनारक्षित वर्ग के भारतीय सांख्यिकीय सेवा अधिकारी द्वारा धारित है तथा प्रतिनियुक्ति का पद अनुसूचित जाति समुदाय के भारतीय सांख्यिकीय सेवा अधिकारी द्वारा धारित है ।

(ख) और (ग) समूह "क" (श्रेणी–I) के अन्तर्गत चयन द्वारा पदोन्नति होने के कारण, वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड में रिक्तियों को भरने के लिए अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों के लिए कोई आरक्षण नहीं है।